हर जिले में होगा इंडस्ट्रियल जोन : सीएम

योगी ने युवाओं को दी सीख, कहा- टैबलेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भविष्य सुरक्षित करने की कुंजी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल इकोनॉमिक एंड इंडस्ट्रियल जोन स्थापित करने जा रही है। बुंदेलखंड में 56 हजार एकड़ में औद्योगिक शहर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट वितरण अभियान के दूसरे चरण के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने युवाओं को टैबलेट का महत्व समझाते हुए कहा कि यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि उनका भविष्य सुरक्षित करने की कुंजी है। इसका इस्तेमाल ज्ञान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए होना चाहिए। इस अवसर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सुनील कुमार शर्मा, दयाशंकर सिंह, जसवंत सिंह सैनी भी मौजूद रहे। ब्यूरो

18 वर्ष के युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील : सीएम ने युवाओं से अपील की कि जो भी युवा एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराएं। युवाओं को अपने सांविधानिक अधिकार और जिम्मेदारी दोनों समझनी चाहिए।

कट्टा बनाने वाली फैक्ट्रियों से थी यूपी की पहचान : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान कट्टा और बम बनाने वाली फैक्ट्रियों से होती थी, लेकिन आज प्रदेश मोबाइल और टैबलेट निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

जाति-धर्म की संकीर्ण दीवार से ऊपर उठें युवा : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब विकास, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत शिक्षा और लाखों सरकारी रोजगार का केंद्र बन चुका है। उन्होंने युवाओं से जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण दीवारों से ऊपर उठकर एकजुट होने और उत्तर प्रदेश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया।

युवाओं का निखरेगा कौशल : औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकलकर आज सुदृढ़ कानून व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और मजबूत बुनियादी ढांचे के दम पर वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। टैबलेट युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उनके कौशल को निखारने में सहायक साबित होंगे।

आगे बढ़ने के लिए युवाओं को चाहिए अवसर और आधुनिक संसाधन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के उत्थान को लेकर रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि आज का युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से दुनिया में आगे बढ़ना चाहता है। उसे केवल अवसर और आधुनिक संसाधन चाहिए। डबल इंजन सरकार की ओर से अब तक स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किए गए हैं। सोमवार को 25 लाख अतिरिक्त टैबलेट के वितरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने लिखा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने प्रदेश में युवाओं के भविष्य की चिंता करने के बजाय उन्हें जाति, क्षेत्र और परिवारवाद की राजनीति में उलझाए रखा। उनकी प्रतिभा को तकनीक का साथ देने की कोई ठोस पहल नहीं हुई। पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला। हमारा प्रयास है कि संसाधनों का अभाव किसी युवा की प्रतिभा के आड़े न आए और प्रदेश का हर नौजवान अपनी मेहनत से सफलता की नई कहानी लिखे। उन्होंने टैबलेट पाने वाले लाभार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। ब्यूरो